न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी–श्री समदरसिंह भाटी, आर.ए.एस

दिनांक – 19/1/2023

क्रमांक रीडर/2023/163

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थीगण
1 भीमाराम पुत्र तगाराम जाति ~~कुम्हार~~ सुथार निवासी सुथारों की ढाणी, भाड़खा तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर।		1 अमीन पुत्र करीन 2 गफुर 3 शारूख पिसरान जुसफ 4 रमजान खां पुत्र रतना खां जाति मुसलमान निवासी सुथारों का तला तहसील बाडमेर ग्रामीण 5 धुड़ाराम पुत्र पूनमाराम जाति सोनी निवासी हस्तीमल पेट्रोल पम्प के पास, बाडमेर 6 अर्जुनराम पुत्र नारायणराम जाति जैन निवासी सरदारपुरा बाडमेर तहसील बाडमेर जिला बाडमेर 7 तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128,111 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,करने नेखमबन्दी बाबत

दिनांक– 12/1/2023

राजस्व आवेदन संख्या :– 162/2022

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण **मौजा सुथारों की ढाणी पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील बाडमेर ग्रामीण व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 337/183 रकबा 2.5657 हैक्टयर व खसरा संख्या 433/184 रकबा 0.9712 हैक्टयर कुल रकबा 3.5369 हैक्टयर भूमि** के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर ग्रामीण को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 04.08.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(समदरसिंह भाटी)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

दिनांक– 19/1/2023

क्रमांक :– रीडर/2023/164-67

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाड़मेर ग्रामीण पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी बान्दरा तहसील बाड़मेर ग्रामीण को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. भीमाराम पुत्र तगाराम जाति कुम्हार निवासी सुथारों की ढाणी, भाड़खा तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर।
4. विप्रार्थी अमीन पुत्र करीन वगैराह जाति मुसलमान निवासी सुथारों का तला तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर।

उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर